an>

title: Need to permit sale and purchase of land surrounding Kanwar Lake

Bird Sancturary in Begusarai district of Bihar.

डॉ. भोला सिंह (बेगूसराय) : बिहार के बेगूसराय जिले में लगभग 14 हजार एकड़ जमीन में कावर झील अवस्थित है। इसी में पाल वंशीय राजाओं की देवी माँ जयमंगला 12 सांस्कृतिक पीठ में यहाँ बनी हुई हैं। 1998 में भारत सरकार ने इसे पक्षी विहार के रूप में चिन्हित किया था। इस सिलसिले में कुद कदम भी उठाए गए थे, पर 17 वर्षों के इस अंतराल में "कावर झील" पूर्णतया समाप्त हो चुकी है और एक हजार एकड़ जमीन में अभी पानी है, शेष 13 हजार एकड़ जमीन में गेहूँ, रैंचा, ऊख, रहर तथा विभिन्न किस्मों के कृषि कार्य हो रहे हैं। लाखों लोगों की जीविका का यह आधार बन गया है। अब यह पक्षी विहार के रूप में नहीं बल्कि "किसान विहार" बन गया है, पर किसानों के लिए इस जमीन की खरीद-बिक्री हेतु रोक लगी हुई है जिस कारण संपूर्ण क्षेतृ में असंतोष की लहर है। पूर्व में भी भारत सरकार के माननीय पर्यावरण मंत्री से इस ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए आग्रह किया था, पर अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नही हुई है। यदि केन्द्र सरकार ने इस दिशा में सकारात्मक पहल नहीं की तो यह इलाका किसानों के लिए बड़ा संघर्ष का इतिहास पेश करेगा।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि वह इसे "पक्षी विहार" से मुक्ति दिलाए और किसानों के हकों की रक्षा करें तथा जितने हिस्से में पानी रहता है, उसे चिन्हित कर "पक्षी विहार" के रूप में घोषणा करे।